खबर संक्षेप

## आज भजन संगीत के सुरों से गूजेंगी कटाये घाट की वादियां

**कटनी।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, द्वारा देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर 1 नवंबर को कार्तिक शुक्ल एकादशी के पावन अवसर पर सायं 5 बजे से दीपोत्सव पर्व-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री राम पथ गमन के पवित्र 9 स्थलों पर 3,51,111 दीपों से श्री रामचंद्र जी माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी।इसके साथ ही भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि कटनी नगर के कटाये घाट के तट पर 15000 दीप प्रज्वलित होंगे, साथ ही पंडितों द्वारा विधिवत नदी पूजन उपरांत महाआरती की जाएगी। इस विशेष अवसर पर नर्मदापुरम के लोकप्रिय कलाकार नमन तिवारी एवं साथियों द्वारा लोकगीतों एवं भजनों के भक्तिमय बनाएंगे। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें सभी नगर वासियों से कटाये घाट पर पहुंचकर संध्या संगीतमय भजनों का आनंद प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2025-26 हेतु आवश्यक जानकारी एवं कार्यवाही हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 1 नवंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रशिक्षण जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीडीपीओ, बीओ एवं बीआरसी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा बड़वारा के अंतर्गत तहसील बड़वारा व ढीमरखेड़ा के जनपद मीटिंग हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा विजयराघवगढ़ के अंतर्गत तहसील विजयराघवगढ़ के जनपद सभागृह व बरही के नगर परिषद मीटिंग हॉल में, विधानसभा मुड़वारा के अंतर्गत तहसील कटनी शहरी एवं ग्रामीण हेतु कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल तथा विधानसभा बहोरीबंद के अंतर्गत तहसील बहोरीबंद एवं रीठी के जनपद मीटिंग हॉल में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक पटवारियों, दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक जीआरएस एवं सचिव तथा शाम 4 बजे से 5 बजे तक नगर निगम के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## 'युवा संगम' रोज़गार मेले का आयोजन आज

**कटनी।** वोकल फॉर लोकलƼ विज़न के तहत जिले के Ƽएक जिला एक उत्पादƼ (ओडीओपी) उत्पादकों को सशक्त बनाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार 1 नवंबर को प्रातः 11 बजे होटल उर्वशी रिट्रीट में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा ओडीओपी कार्यशाला और Ƽयुवा संगमƼ रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का संयुक्त आयोजन किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह ने बताया कि कार्यशाला में निर्यात नीतियां और निर्यात सुविधा, निर्यात में एक्सपोर्ट गारंटी क्रेडिट कॉरपोरेशन के महत्व, ग्लोबल एवं डोमेस्टिक मार्केट लिंकेज सहित एमपी एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025, औद्योगिक भूमि तथा आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025, गुणवत्ता एवं स्थिरता (जेड) और विनिर्माण एवं प्रबंधन (लीन) पर चर्चा की जायेगी। इसके अतिरिक्त जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला Ƽयुवा संगमƼ का भी आयोजन किया जाएगा।

### परिवहन विभाग ने कटनी-जबलपुर मार्ग पर चलाया जांच अभियान

# कार्रवाई: दस्तावेज नहीं होने एवं ओवरलोडिंग के चलते 10 वाहनों पर लगाया गया 47,500 रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने के नेतृत्व में कटनी-जबलपुर मार्ग पर परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों से कुल 47,500 रूपए का जुर्माना वसूला गया। वाहन क्रमांक MP20PA1079, MP20PA0619 एवं MP20PA0615 में अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) न होने पर प्रत्येक वाहन पर 2,500 रूपए का जुर्माना लगाया गया।

वहीं MP 20 ZK 2266 एवं MP 13 ZN 2724 दो यात्री बसें बिना वैध परमिट के संचालन करती पाई गईं। दोनों बस संचालकों पर 10,000-10,000 रूपए का जुर्माना वसूला गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना परमिट संचालन परिवहन नियमों का गंभीर उल्लंघन है, और ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त MP 21 ZE 0892 एवं MP 21 G 3204 दो माल वाहनों





की फिटनेस अवधि समाप्त पाए जाने पर प्रत्येक वाहन पर 5,000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। MP 20 GA 9642 वाहन का चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाया गया, जिस पर 5,000 रूपए का चालान काटा गया।

### आटो को किया जब्त

जांच अभियान के दौरान UP 21 BN 5621 वाहन को ओवरसाइज़ लोड में भूसा का परिवहन करते पाया गया, जिस पर 3,000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ओवरलोडिंग और असुरक्षित परिवहन सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। वहीं MP 21 R 3981 ऑटो वाहन में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर उस पर 12,000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। वाहन को अस्थायी रूप से जब्त कर थाना यातायात कटनी में सुरक्षित रखा गया है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने वाहन चालकों और वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और ड्राइविंग लाइसेंस समय पर नवीनीकृत कराएँ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क पर केवल वैध दस्तावेज वाले वाहन ही चलाए जाएँगे और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



## सीजीएसटी की टीम ने गुटखा व्यापारियों के यहां की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग की 12 सदस्यीय टीम ने दो प्रमुख गुटखा थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की है। यह कार्रवाई कर चोरी की बड़ी आशंका के चलते की गई है, जहां टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सीजीएसटी की यह कार्रवाई विश्वकर्मा पार्क क्षेत्र में स्थित हरिओम ट्रेडर्स के संचालक सुरेश आहूजा और विमल गुटखा के व्यापारी हरीश के प्रतिष्ठानों पर की गई है। सुरेश आहूजा रजनीगंधा और तानसेन जैसे कई ब्रांडेड गुटखा उत्पादों के बड़े थोक विक्रेता हैं। सीजीएसटी टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों के भीतर महत्वपूर्ण दस्तावेजों, स्टॉक और लेन-देन से जुड़ी जानकारियों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। विभाग को लंबे समय से इन व्यापारियों के बड़े पैमाने पर कर अपवंचन की शिकायतें मिल रही थीं। छापेमारी के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर स्थानीय पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने फिलहाल मीडिया को कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया है और कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत विवरण साझा किया जाएगा। इस कार्रवाई से जिले के अन्य व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया है और कई दुकानों के शटर गिर गए हैं। फिलहाल, दोनों गुटखा थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर जांच जारी है और माना जा रहा है कि दस्तावेजों की पड़ताल के बाद कर चोरी की एक बड़ी रकम का खुलासा हो सकता है।

*झरेला गांव का मामला, मुक्तिधाम की जमीन पर कब्जा करने का आरोप*

# अंतिम संस्कार करने से रोकने पर बढ़ा आक्रोश, शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा तहसील के झरेला गांव में शुक्रवार को मुक्तिधाम की जमीन के सीमांकन को लेकर बड़ा विवाद हो गया। ग्रामीणों ने एक मृत महिला के शव को मुक्तिधाम पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन और पुलिस के हस्तक्षेप तथा सीमांकन के आश्वासन के बाद चार घंटे बाद महिला का अंतिम संस्कार हो सका।

यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुई। गांव की बुजुर्ग महिला गेंदाबाई विश्वकर्मा की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए दशकों पुराने मुक्तिधाम पहुंचे थे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, गांव



के ही नाथू सिंह और उनकी बेटी ज्योति सिंह ने अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृत महिला गेंदाबाई के शव को मुक्तिधाम पर रखकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाथू सिंह पिछले कुछ दिनों से मुक्तिधाम की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं और अब अंतिम संस्कार जैसे पवित्र कार्य में भी बाधा डाल रहे हैं।

स्थानीय नागरिक अवसर पाल ने बताया, हम सभी ग्रामीण कई दशकों से इसी मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से नाथू सिंह ने यहां कब्जा कर लिया है और अब हमें अपने पूर्वजों का अंतिम संस्कार करने से रोका जा रहा है। ग्राम सरपंच गुड़िया बाई पाल ने भी इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जिस जमीन को नाथू सिंह अपनी निजी भूमि बता रहे हैं, उस पर ग्राम पंचायत द्वारा पौधरोपण और फेंसिंग का कार्य कराया जा चुका है। इसके बावजूद मुक्तिधाम पर जबरन कब्जा किया जा रहा है।

विवाद और विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों और मृतक के परिजनों से बात की और उन्हें शांत किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही अंतिम संस्कार संपन्न हो पाया।

### शासकीय कर्मियों को एकता एवं अखंडता की दिलाई शपथ



सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, एस डी एम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उइके, प्रदीप मिश्रा, लोक सेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा और ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, हरप्रीतसिंह ग्रोवर लकी सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विदित हो कि देश के पूर्व गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन पूरे देश मे राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप मे मनाया जाता है।

### हरदुआ में चंडी मेले का आयोजन, अहीरों ने किया पारंपरिक नृत्य

# चंडी पूजा कर गांव में खुशहाली के लिए की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दीपावली पर्व के बाद ग्रामीण अंचलों मैं चंड़ी मेला लगने का सिलसिला शुरू हो गया है।क्योंकि ग्रामो में चंडी मेले भरने की पुरानी परंपरा है। मेले की खास बात यह है कि क्षेत्र के कुछ ग्राम ऐसे भी है, जिनकी चंडी मेले का आयोजन मशहूर है। जिनमें शिरकत करने क्षेत्र के लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है।

चंडी मेले का दौर शुरू होते ही यादव समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ नृत्य कर सबका मन मोहते हैं।शुक्रवार को स्लीमनाबाद के आश्रित ग्राम हरदुआ मैं चंडी मेला आयोजित हुआ जहां चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन के साथ अहीर समाज ने जयकारे लगाए। परंपरागत वेशभूषा में ढोल



की धुन पर झूमते अहीरों को देखने लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा मेले में आने वाले लोग झूला झूलने के लिए उमड़ पड़े। यहां भी झूले के इर्द गिर्द लोगों का हुजूम लगा रहा। झूले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही बड़े झूले के पास युवक, युवतियों की भीड़ लगी रही। गुड़ की मिठाइयां, सिंघाडे, गुब्बारे, गन्ने की मड़ई में अधिक बिक्री हुई।ग्राम पंचायत ने किए इंतजाम-चंडी मेले मैं दुकानदारों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पंचायत द्वारा इंतजाम किए गए। व्यापारी अपनी दुकाने लेकर सुबह 11 बजे से मेला स्थल पहुंच गए। दोपहर बाद मेले में लोगों का आना प्रारंभ हो गया। शाम होते ही क्षेत्र के अहीरों के नृत्य ने मेले में चार चांद लगा दिया।

*मंदिरों से लेकर घरों मे धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन*

# देवउठनी एकादशी आज, तुलसी शालिगराम विवाहोत्सव, वैवाहिक आयोजन होंगे प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

चार माह की योग निद्रा से आज देवप्रबोधिनी एकादशी पर भगवान श्री हरि विष्णु जागेंगे। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाये जाने वाले इस पर्व मैं लोग घर - आंगन को रंगोली से सजायेंगे ,साथ ही गन्ने का मंडप बनाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव मनाया मनाएंगे। रसिक बिहारी जू मंदिर मे होगा भव्य विवाहोत्सव आयोजन-देवउठनी एकादशी के पर्व पर स्लीमनाबाद नगर स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे धूमधाम के साथ भव्य विवाहोत्सव आयोजन होगा। यहां महिला मंडल व कार्तिक व्रतधारी महिलाओं के विशेष आयोजन किया जायेगा जहां गन्ने का मंडप





बनाकर दिव्य मंडप में तुलसी - शालिग्राम जी का विवाह उत्सव मनाया जायेगा।

देवउठनी एकादशी पर्व को लेकर बाजार मे भी चहल -पहल देखने को मिलेगी। पूजा अर्चना के लिए गन्ना, बेर, सीताफल ,सिंघाड़ा ,चना भाजी आदि की दुकाने लगेंगी जिनकी खरीददारी लोग करेंगे।

### एकादशी पर 6 शुभ योग

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि देव उठनी एकादशी बेहद खास है। इस साल 6 शुभ योग बन रहे हैं।इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, हर्षण योग, अमृत योग, सिद्धि योग बन रहा है। हिंदू धर्म में सभी 16 संस्कारों में विवाह एक प्रमुख संस्कार माना गया है। विवाह संस्कार के लिए शुभ मुहूर्त को बहुत ही खास महत्व दिया जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी पूजा, अनुष्ठान, विवाह, शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त का विचार अवश्य ही किया जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मुहूर्त में किया जाने वाला कार्य हमेशा सफल और मंगलकारी साबित होता है। भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा के बाद देवउठनी एकादशी पर 1 नवंबर को जाएंगे और फिर से मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। इस दिन तुलसी-शालीग्राम विवाह करने के साथ शादी -विवाह फिर से शुरू हो जाएंगे।


### किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

# जिले के लिए पहुंची 902 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक रैक शुक्रवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 902 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने,



किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 100-100 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 50 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 262 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल और प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 50-50 मीट्रिक टन तथा सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

## सहकारी समितियों की बैठक 1 नवंबर को

**कटनी।** आगामी रबी सीजन के दौरान जिले के कृषको को सुविधापूर्वक एवं समय पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शनिवार 1 नवंबर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी जिले की सहकारी समितियों द्वारा पी.ओ.एस के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं आर.ओ. व डी.डी जारी करने के संबंध में समीक्षा करेंगे। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं एम.पी. एग्रो को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। यह भी कहा गया है कि संबंधित अधिकारी जिले के सभी समिति प्रबंधको एवं विपणन समिति प्रबंधकों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# ठगी से बचना है तो रहे सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डिजिटल युग में बढ़ते सायबर अपराधों की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने की अपील की गई है। सायबर अपराधी विभिन्न प्रकार के फर्जी कॉल, लिंक, ई-मेल एवं सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से नागरिकों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

आमजन से अपील की गई है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होने पर नागरिक तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में संपर्क करें।

अजनबियों या अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए संदेशों से प्राप्त फाइलों को कभी भी स्वीकार या डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप के माध्यम से निजी जानकारी जैसे बैंक खाता विवरण पिन या पासवर्ड न भेजे, यह सुनिश्चित करें कि क्लाउड बैकअप बंद है, क्लाउड प्रदाता के साथ साझा करने पर वे सुरक्षित नहीं होते है। व्हाट्सएप वैब को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करें सभी कम्प्यूटरों से लॉगआउट करें। ओपन वाईफाई नेटवर्क से कनेक्ट होने पर व्हाट्सएप का उपयोग करने से बचें। टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन को ऑन रखें। कभी भी उस संदेश पर भरोसा न करें जो व्हाट्सएप से आने का दावा करता है और सेवा के लिए भुगतान की मांग करता है। इसके साथ ही ऑटोमेटिक डाउनलोड ऑप्शन बंद रखकर भी साइबर अपराधों से सुरक्षा की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### तमुरिया और निट्टर्रा में बनेगा सामुदायिक भवन

**कटनी।** स्थानीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तमुरिया रुपनाथ (पड़रिया) में 3.00 लाख रुपए की लागत से पुस्तकालय भवन एवं रीठी की ग्राम पंचायत निट्टरा में 5.84 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत ने डिस्टिक प्लानिंग कमेटी द्वारा अनुमोदित कार्य योजना तथा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा जारी तकनीकी स्वीकृति के अनुक्रम में 15वें वित्त मद से प्रशासकीय स्वीकृति आदेश किए हैं। संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्धारित शर्तों के मुताबिक तय समय सीमा में निर्माण कार्य कराए जाएंगे। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की है। सामुदायिक एवं पुस्तकालय भवन निर्माण होने से दोनों ग्राम पंचायतों के जन मानस को सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सामुदायिक भवन निर्माण से ग्रामीण नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं में इजाफा होगा, वहीं पुस्तकालय भवन के निर्माण और पुस्तकों का संग्रह होने से वहां के छात्र-छात्राओं में ज्ञानवृद्धि के साथ मानसिक और बौद्धिक विकास हो सकेगा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर सीईओ ने दिलाई शपथ

**कटनी।** शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 श्री जयंती के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। राज्य शासन के निर्देश पर एकता,अखंडता,सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने, सभी की सहभागिता और अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन किए जाते हैं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेती हूं/लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगी/करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करूंगी/ करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा/रही हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करती/ करता हूँ।

### कटाये घाट नदी पर आज होगा दीपोत्सव कार्यक्रम

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा 1 नवंबर शनिवार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नगर की पवित्र नदियों के घाटों एवं तालाबों पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने के दिए गए निर्देश के परिपालन में कटाए घाट नदी के किनारे दीपोत्सव एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु आदेश जारी कर विभागीय अधिकारियों को पृथक-पृथक दायित्व सौंपे जाकर समय पर व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें के निर्देश दिए है। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जारी आदेश के अनुरूप दीपोत्सव कार्यक्रम में संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी उपायुक्त शैलेश गुप्ता को बनाते हुए कटाये घाट नदी, सीढ़ी, मंदिर, पार्किंग एवं कटाये घाट पहुँच मार्ग में विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवा छिड़काव एवं आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के साथ क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को दायित्व सौंपे गए हैं। वहीं कटाये घाट में दीपोत्सव कार्यक्रम हेतु ले-आउट व कार्ययोजना तैयार करने, दीपदान हेतु घाट,पार्किंग व पहुंच मार्ग में अतिरिक्त प्रकाश, पेयजल व्यवस्था करने दायित्व सौंपे गए हैं।

## अश्लील फोटो खींच 90 हजार खाते से किये ट्रांसफर, 3 हजार नकदी व मोबाइल छीना

# ब्लैकमेलिंग: 6 युवक, 4 लड़कियां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कुठला पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में छह पुरुष और चार लड़कियां शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक कुठला थाने में प्रियेश अग्रवाल पिता केदार प्रसाद अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी सेन्ट्रल बैंक के पास बरही, थाना बरही, जिला कटनी के द्वारा लिखित शिकायत दी गई कि 29 अक्टूबर 2025 को शाम लगभग 4 बजे उसने एक पूर्व परिचित महिला नेहा से किसी लड़की से मिलने के लिए फोन पर बात की थी। उसके कुछ समय बाद नेहा की सहयोगी पूजा चौधरी का आवेदक के पास फोन आया, जिसने मिलने हेतु आवेदक को लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बर्मन ढाबा के सामने बुलाया। तब शाम लगभग 6:30 बजे आवेदक वहाँ पहुँचा, तो नेहा, पूजा चौधरी, भूमि गर्ग और गीतांजली श्रीवास्तव नामक चार लड़कियाँवहाँ मौजूद थी। नेहा द्वारा कमरे की चाबी हरान नामक युवक से मँगवाकर कमरे का ताला खुलवाया एवं आवेदक व एक लड़की भूमि गर्ग को कमरे में भेज दिया, थोड़ी ही देर में हरान अपने साथियों मोनू उर्फ शाहिल, अनिकेत, शिवम, समीर मलिक व समीर खान के साथ कमरे के अन्दर घुस आया और दोनों की फोटो खींच लिया। वह उक्त फोटो को वायरल कर बदनाम कर देने की धमकियाँ देने लगा। उसके द्वारा रुपये की माँग की जाने लगी।

विरोध करने पर आरोपियों ने उसका मोबाइल ले लिया और पासवर्ड पूछने लगे, मना करने पर गला दबाकर मार डालने की धमकी दी। डर के कारण आवेदक ने पासवर्ड बताया, जिसके बाद आरोपी मोनू उर्फ शाहिल सेन ने उसके बैंक खाते से 90 हजार की राशि गीतांजली के खाते में ट्रांसफर कर ली, साथ ही आवेदक की जेब में रखे 3 हजार नकद और मोबाइल लेकर मौके से लड़कियों सहित फरार हो गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में तत्काल कार्यवाही की गई।

### आरोपितों से रकम व मोबाइल बरामद

थाना प्रभारी कुठला द्वारा पुलिस टीम के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए कुछ घण्टों के अन्दर ही सभी आरोपियों को घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से ऐठी गई पूरी रकम 93 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 4 नग मोबाइल फोन जप्त करते हुए गिरोह में शामिल 6 पुरुष आरोपी एवं 4 महिला आरोपियों सहित कुल 10 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह कृत्य न केवल आपराधिक है बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। थाना कुठला द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो ।

### इनको किया गया गिरफ्तार

उक्त मामले में साहिल सेन पिता जगदेव सेन 21 वर्ष निवासी ग्राम पिलौंजी थाना कुठला, हरान खान पिता गुलाब खान 20 वर्ष निवासी लमतरा, शिवम कुशवाहा पिता स्व. प्रकाश कुशवाहा 20 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला, छोटू उर्फ अनिकेत यादव पिता सुदामा यादव 20 वर्ष निवासी लमतरा फाटक के पास थाना कुठला, समीर मलिक पिता अब्दुल सत्तार 26 वर्ष निवासी प्रेमनगर थाना NKJ, समीर खान पिता मुश्ताक खान 20 वर्ष निवासी लमतरा पावर हाउस के पास थाना कुठला, नेहा सिहोते पति जितेंद्र सिहोते उम्र 38 वर्ष निवासी रोशन नगर थाना NKJ, गीतांजलि श्रीवास्तव पिता स्व. विशाल श्रीवास्तव 25 वर्ष निवासी माधवनगर थाना माधव नगर, पूजा चौधरी पति विकास चौधरी 27 वर्ष निवासी प्रेमनगर थाना NKJ, भूमि गर्ग पिता हरिओम गर्ग 18½ वर्ष निवासी द्वारका सिटी थाना माधव नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए आरोपी हरान खान के विरुद्ध पूर्व से थाना कुठला में 3 अपराध पंजीबद्ध, मोनू उर्फ साहिल सेन के विरुद्ध 1 अपराध, समीर खान के विरुद्ध 2 अपराध पंजीबद्ध है।

कार्यवाही में एसआई प्रतीक्षा सिंह चंदेल, सौरभ सोनी, विनोद सिंह, एएसआई श्याम नारायण सिंह, तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, राहुल सिंह, नन्दकिशोर अहिरवार, राहुल मिश्रा, सुनील पाण्डेय, महिला प्रधान आरक्षक सविता तिवारी, आरक्षक मनोज सिंह, अजय पाठक, हर्षुल मिश्रा, शिशिर पाण्डेय शामिल रहे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर पठरा सचिव को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पठरा के सचिव प्रेम लाल यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जनपद पंचायत कटनी नियत किया है। श्री यादव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। अवगत होवे कि सुश्री कौर ने गत दिवस ही जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक के दौरान लापरवाह लोक सेवकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दिए थे। जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार ग्राम पंचायत पठरा के सचिव श्री प्रेमलाल यादव को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत कर्मचारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया था। किंतु श्री यादव द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में रुचि नहीं ली गई एवं ग्राम पंचायत कार्यालय और मुख्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे, जिसके कारण निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य अवरुद्ध हुआ। कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर भी सचिव श्री यादव द्वारा नहीं दिया गया। सचिव श्री यादव द्वारा शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ पदीय दायित्वों के विपरीत कृत्य किया जाना पाया गया। फलस्वरुप जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 में वर्णित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।

### सरगम सिंह का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**बड़वारा।** सरगम सिंह का चयन सेपक टकरा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मप्र की सीनियर टीम में हुआ है। सरगम सिंह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में बी.पी.ई.एस.की पढ़ाई कर रही है और मूलतः बड़वारा ब्लॉक में गांव लमकना की रहने वाली है । सरगम का मूल खेल एथलेटिक्स में 400 मीटर दौड़ है, साथ ही साथ वह कबड्डी, खो-खो आदि में भी रुचि रखती है। सेपक टकरा के लिए जबलपुर में मप्र की टीम के लिए आयोजित सिलेक्शन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरगम को मप्र के दल में शामिल किया गया है।

*छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश*

## राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश देने हुई दौड़, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लौहपुरुष एवं देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रातः 8 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ शुरू हुई। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, द्वारा रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी , तहसीलदार अतुलेश सिंह मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता,अखंडता एवं समरसता का संदेश देती रन फॉर यूनिटी की यह दौड़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से दुगाड़ी नाला, अरिंदम होटल होते हुए पुनः वापस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। रन फॉर यूनिटी में नागरिक, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी व शासकीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, नागरिकों और खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली जिसमें सभी ने राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अगले चरण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने छात्रों के साथ मिलकर नीम, करंज, अमरूद, जामुन आदि के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे के गुंजायमान नारों के साथ किया गया।

इस मौके पर एमआईसी सदस्य गोविंद चावला, विजय गुप्ता,सुरेश सोनी,पूर्व पार्षद सीमा जैन सोगानी, कैलाश जैन सोगानी, अंकिता तिवारी, आशीष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,

## 9 दिवसीय सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन



मुनिसुव्रतनाथ जिनालय गौशाला मंदिर में दिग.जैन पंचायत महासभा एवं भक्तगण मण्डल के तत्वाधान में 9 दिवसीय सिद्धचक्र महामण्डल विधान का भव्य आयोजन 108 पदम सागर महाराज के सानिध्य में अर्शीर्वाद से प्रतिष्ठाचार्य मनोज भैया के निर्देशन में किया जा रहा है। विशाल समोशरण की आकर्षक रचना नवीन जैन विश्व द्वारा की गई है। जबलपुर से पधारे संगीतकार प्रथम जैन द्वारा आकर्षक भजनों का प्रस्तुति की जायेगी। विधान में 51 धर्मानुरागी इन्द्र-इन्द्राणी जोड़े शामिल होकर धर्म लाभ ले रहें है। पंचायत अध्यक्ष संजय जैन एवं उपाध्यक्ष शरद सरावगी ने बतलाया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिये 40ग60 का वाटर फूरफ पड़ाल बनाया गया है प्रतिदिन प्रात: श्रीजी का अभिषेक एवं पूजन के पश्चात मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि जैन धर्म के अनुसार अष्टानिका महापर्व साल में 3 बार आते है। इन दिनों में आठवें दीप नंदीश्वर दीप में अकृत्रिम चैत्यालयों की वंदना करने देव जाते है। हम सब भी यहां नंदीश्वर दीप की स्थापना करके पूजन करते है इन 8 दिनों में सिद्धचक्र मण्डल विधान का भव्य आयोजन किया जाता है। मुनि श्री ने सिद्धचक्र मण्डल विधान का महत्व बताते हुये कहां कि प्रतिदिन सिद्धों के 8 गुणों का पूजन विधान किया जाता है।

## सेंट्रल लेबर कमिश्नर और पीएफ कमिश्नर से की गई रेलवे के ठेकेदारों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रेल विभाग में कार्यरत ठेकाकर्मियों को न्यूनतम वेतन, पीएफ, ग्रेच्यूटी, ईएसआईसी, हेल्थ एंड सेफ्टी जैसी सुविधाओं का लाभ दिखवाने भारतीय मज़दूर संघ ने केंद्र सरकार के क्षेत्रीय श्रमायुक्त एवं भविष्य निधि श्रमायुक्त से शिकायत की और पत्र सौंपा। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने उक्त अधिकारियों को एक माँग पत्र सौंपा और रेल विभाग में कार्यरत ठेकाकर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि बिना पीएफ जमा कराए ठेकेदार, रेलवे के अधिकारियों से अपने बिल बाउचर में साइन करा लेते हैं जिससे अधिकारियों के साथ ठेकेदारों की आपसी मिलीभगत दिखती है। पीएफ ,ईएसआईसी, न्यूनतम वेतन, हैल्थ एंड सेफ्टी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध न कराना,श्रम कानूनों का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले ठेकेदार एवं अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। श्री पटेल ने अपनी शिकायत में इस बात का भी उल्लेख किया है कि बेरोजगारी के चलते नव युवक आधे वेतन में भी काम करने को तैयार रहते हैं। ठेकेदार मजदूरों के बैंक खाते में वेतन तो पूरा डालता है लेकिन पासबुक और एटीएम कार्ड अपने पास रखते हैं और विभाग के द्वारा राशि डालने के बाद आधे से ज्यादा राशि ठेकेदार के द्वारा निकलवा ली जाती है। जो मज़दूर इसका विरोध करता है उसको बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। पीएफ , ईएसआईसी जैसे लाभ मजदूरों को न मिल पाना, रेल विभाग के अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ऐसे अधिकारी शासन की छवि धूमिल करते हैं। दोनों कमिश्नर ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

*विधायक ने क्षेत्र में फसल क्षति का सर्वे कराने दिये निर्देश*

## बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल, क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अंचल में दो दिन में हुई बारिश के बाद अब धीरे-धीरे नुकसानी के मंजर सामने आ रहे हैं। बहोरीबंद विकासखंड से खेतों के खेतों में बड़ी मात्रा में पानी भर जाने के दृश्य सामने आ रहे हैं। इन दिनों किसानों ने फसल कटाई कर धान के पुंज खेतों में रखे दिए हैं। बारिश से खेतों में पानी भर गया और रात भर धान के पुंज पानी में डूबे हैं। किसानों की आधे से अधिक फसलों के दाने काले पडने की जानकारी किसान दे रहे हैं। जिन्हें अब मजबूरन औने पौने दामों में अपनी फसल विक्रय करनी पड़ेगी। वहीं मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की चेतावनी जारी की है। अभी आगामी दो दिनों तक बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। लगातार बारिश से धान की कटाई पूरी तरह रुक गई है। किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### फसल सड़ने की बढ़ी आशंका

बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायत कुआँ में खेतों में पानी भर गया है फसले पानी मै लेट गईं हैं। कृषक अमित साहू ने 20 एकड़, राकेश नायक ने 15 एकड़ , भजूं नायक ने 10 एकड़, सुखलाल साहू ने 10 एकड़ किशन नायक ने 20 एकड़ व रामसुजान साहू ने 10 एकड़ भूमि पर धान की बोवनी की थी। बारिश होने से खेतों मै जलभराव हो गया हैं। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों मै भी हजारों बीघा में बोई गई धान की फसल प्रभावित हुई है। कई किसानों के खेतों में पानी भर गया है, कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। किसानों ने बताया कि उनकी फसल को 40 से 50 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कई गांवों में जिन किसानों ने पहले ही कटाई कर ली थी और फसल को खेत के किनारों या खलिहान में रखा था, उनकी धान भी लगातार भीगने से सडन्ने लगी है। किसानों ने बताया कि उनकी कटी हुई धान बारिश में पूरी तरह भीग चुकी है और यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो पूरी फसल खराब हो जाएगी।

### मुआवजे की मांग

बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र ke किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द फसल क्षति का आंकलन कर मुआवजा घोषित करें। उनका कहना है कि यदि समय पर आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो यह नुकसान उनके परिवारों की आजीविका पर गंभीर असर डालेगा।

### एसडीएम को दिए निर्देश

विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा बारिश से धान की फसल को हुये नुकसान की भरपाई किसानों को हो सके इसके लिए समूचे बहोरीबंद विधानसभा मै फसल क्षति नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की हैं। वही विधायक प्रणय पांडेय ने बताया कि बारिश से धान की फसल को नुकसान होने की बात सामने आ रही है। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित इलाकों में पहुंचकर नुकसान का आंकलन करें इसके लिए एसडीएम को निर्देशित किया गया हैं।

*समीक्षा बैठक में परखीं मप्र स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों*

## एकादशी एवं स्थापना दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



70वे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार ऑडिटोरियम प्रियदर्शनी बस स्टैंड मे प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं देव प्रबोधिनी एकादशी पर कटाये घाट में सायंकाल 5 बजे से आयोजित होने वाले दीपोत्सव एवं संध्या संगीत कार्यक्रम के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मिनट टू मिनट समीक्षा की जाकर अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थांए निर्धारित समय पर पूर्ण कर सफलतापूर्ण कार्यक्रम आयोजन के दिशा- निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें सर्वप्रथम ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा कर समुचित बैठक व्यवस्था, स्टेज साज सज्जा,प्रवेश द्वार, साउंड, माइक बैकड्राप, दीप प्रज्वलन मंच संचालन, स्वागत सत्कार, प्रशस्ति पत्रों की अद्यतन स्थित सहित आयोजित होने वाले मंचीय कार्यक्रमों आदि की व्यवस्था की समीक्षा कर ऑडिटोरियम की समुचित साफ सफाई एवं वाहन पार्किंग व्यवस्थित रूप से कराने के निर्देश दिए।

### नदी पूजन एवं गंगा आरती

वहीं देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर संध्या को कटाये घाट में आयोजित होने वाले दीप आराधना, 15 हजार दीप प्रज्ज्वलन एवं नदी पूजन एवं गंगा आरती कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निगमायुक्त नें दीपों की उपलब्धता, दीप प्रज्वलन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं एवं स्थलों का चयन, भजन संध्या हेतु मंच व्यवस्था बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वागत सत्कार, मंच संचालन, स्वसहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम की आमंत्रण सूचना समय पर प्रेषित कर कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा कार्यक्रम आयोजन स्थल पर निगम की आई.ई.सी टीम के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किये जाने की बात भी कही जाकर समस्त अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने बांटे जरूरतमंद महिलाओं को कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस को कांग्रेस की युवा इकाई युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने सेवा दिवस के रूप में मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत में समस्त उपस्थित जनों ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को पुष्प चढ़ाकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित की,तत्पश्चात जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु के आयोजन में सैंकड़ों जरूरतमंद महिलाओं को आने वाली भीषड़ ठंड को दृष्टिगत रखते हुए गर्म कंबल वितरित किए गए।

अंशु मिश्रा ने बताया कि इंदिरा गांधी को आयरन लेडी कहा जाता था उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर अपने सशक्त नेतृत्व का उदाहरण पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत किया था।इंदिरा गांधी की प्रमुख उपलब्धियों में भूमि सुधार,बैंकों का राष्ट्रीयकरण,शहरी संपत्ति की अधिकतम सीमा,ग़रीब ग्रामीणों के लिए आवास स्थल का प्रावधान,रियासती विशेषाधिकार का उन्मूलन जैसी अनेकों उपलब्धियां उनके नाम थी।सभी ने स्वर्गीय इंदिरा जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए हुए सत्य,सेवा एवं समर्पण के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।समस्त जनसमूह ने इंदिरा गांधी अमर रहे के नारे को बुलंद किया।

कार्यक्रम में मौसूफ बिट्टू,युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया, युकां विधानसभा अध्यक्ष द्वय राहुल पटेरिया,मोहम्मद इसराइल, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा,प्रदेश सचिव अजय खटिक,आइटीसेल प्रदेश महासचिव द्वय शशांक गुप्ता, सूर्यकांत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक 3 नवंबर को

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 2 तारीख को आयोजित होने वाला विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक रविवार होने के कारण 3 नवंबर को आयोजित किया जायेगा। इसमें माह नवंबर में शून्य मातृ-मृत्यु हेतु बनाई गई कार्ययोजना के तहत हितग्राहियों की समग्र स्वास्थ्य जांच की जायेगी। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि इस विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में ऐसी सभी गर्भवती महिलाएं जिनकी अनुमानित प्रसव तिथि नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में है साथ ही पहले सप्ताह में अनुमानित प्रसव तिथि वाली ऐसी महिलाएं जिनकी जांच अभी तक नहीं हो पाई है।

# अन्नदाता पर संकट : खेतों में भरा पानी, धान की फसल सड़ने लगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

क्षेत्र में बीते चार दिनों से जारी बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय रहने से कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर लगातार जारी है। गुरुवार को सुबह से शाम तक हुई वर्षा से खेतों में पानी भर गया, जिससे पकी हुई धान की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

जहां किसानों ने हाथों से कटाई की, वहां खेतों में पड़ी फसलें पानी में भीगकर सड़ने लगी हैं, वहीं हार्वेस्टर से काटी गई फसलें खलियानों और घरों की दहलानों पर पड़ी हैं लेकिन लगातार बारिश व धूप न निकलने से धान के दाने सूख नहीं पा रहे। परिणामस्वरूप दाने सड़ने लगे हैं और उनमें कीड़े लगने का खतरा बढ़ गया है।

### किसानों की चिंता बढ़ी

किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर फसल तैयार की थी, लेकिन अब लगातार बारिश से सब कुछ चौपट हो रहा है। हिनौती, ठेंगा और पटी गांवों में हालात सबसे खराब हैं। वहां खेतों में पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह सड़ चुकी हैं। किसान पिंटू दुबे, जाहर सिंह और खूब सिंह ने बताया कि उनके खेतों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है। यदि एक-दो दिन और बारिश रही तो किसानों की मेहनत पर पूरी तरह पानी फिर जाएगा।

### फसलों की गुणवत्ता पर असर

पकी हुई धान की फसल बारिश और तेज हवाओं से खेतों में गिर गई है। किसान इसे सड़ता देख असहाय हैं। कटाई भी नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि इससे धान के दानों की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, लगातार बारिश से फसलों को व्यापक नुकसान होगा और धान की गुणवत्ता खराब हो सकती है। साथ ही, गेहूं की बुवाई में भी देरी होने की आशंका है।

### कई गांवों में स्थिति गंभीर

बनवार, बम्होरी, माला, सिमरी खुर्द और इमलिया क्षेत्र में कई किसानों ने धान की कटाई कर खेतों में सुखाने के लिए छोड़ रखा था, लेकिन लगातार हो रही वर्षा से फसलें भीग गईं। इससे फसलों के सड़ने का खतरा बढ़ गया है।

### दोहरी मार की आशंका

बारिश से प्रभावित किसानों के अनुसार, अब आगामी फसलों के लिए खेत तैयार करना और बोवनी करना भी मुश्किल हो गया है। कटाई और गहाई का काम पूरी तरह ठप है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। किसानों को डर है कि भीगी हुई धान पर दाग लग जाएंगे, जिससे मंडी में बेचने में कठिनाई होगी।

ऐसी स्थिति में दागदार धान का पंजीयन भी नहीं होगा और किसानों को मजबूरी में व्यापारियों को कम दाम पर बेचना पड़ेगा। पहले ही सोयाबीन की फसल अधिक बारिश से प्रभावित हो चुकी है, अब धान पर संकट ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

### किसान कर रहे जतन

किसान हरसंभव प्रयास में जुटे हैं कि जो फसलें बची हैं, उन्हें किसी तरह घर पहुंचाकर सुरक्षित किया जा सके। परंतु लगातार बारिश से हालात नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। अन्नदाता अपनी मेहनत की फसल को आंखों के सामने सड़ता देख बेबस हैं।

## पौधरोपण कर दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**दमोह।** राष्ट्र निर्माता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तर पर प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "रन फॉर यूनिटी" का पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, महेश पटेल सहित अन्य जनप्रितिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, व शहरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जन्म जयंती मनाई जा रही हैं। सरदार जी ने देशी रियासतों के विलय में भारत को अखण्ड बनाने में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा आज सभी को उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए देश की एकता और अखण्डता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज पुलिस प्रशासन की अगुवाई में आयोजित मैराथन के माध्यम से हम सभी ने सरदार पटेल जी के योगदान को नमन किया है। उन्होंने दमोह वासियों से आग्रह किया कि वे देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों को भी न्यौछावर करने के लिए सदा तैयार रहें। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आज हम सरदार पटेल जी की जयंती मनाई गई। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और अखण्डता का संदेश देना है। उन्होने कहा आज का दिन हमें यह संदेश देता है कि हम सभी देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं और आपसी भाईचारा व सद्भाव को और सशक्त करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पौधरोपण किया गया एवं सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

## सिधचक्र विधान के तीसरे दिन 32 अर्घ चढ़ाए आज 64 रिद्धि विधान का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सिद्धों की आराधना का महापर्व अष्टानिका नगर की सभी जैन मंदिर में भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन पर्व पर नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी मे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन 6 नवंबर तक चल रहा है। विधान के तीसरे दिन भव्य समवशरण में 32 अर्घ समर्पित किए गए। चौथे दिन शनिवार को 64 रिद्धि-विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। अष्टानीका महापर्व श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आठ दिवसीय भक्तिमय अनुष्ठान के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री एवं ब्रह्चारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत देव शास्त्र गुरु पूजन से विधान प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विधान के महापात्रों के साथ इंद्र इंद्राणी एवं श्रावक जनों ने श्री सिध्द यंत्र पूजन करके भक्ति भाव के साथ समोशरण में 16 अर्घ समर्पित किये। इस अवसर पर ध्वजारोहण करता रूपचंद जैन बनवार परिवार, सौधर्म इंद्र राजेंद्र अटल मनीषा, भरत चक्रवर्ती संतोष अविनाशी परिवार, श्रीपाल मैना सुंदरी चंद्र कुमार अभिषेक खजरी परिवार, आनंद लैब कुबेर इंद्र, मुकेश अर्चना जॉन खजरी महायज्ञ नायक परिवार, सुनील बड़े राय यज्ञ नायक, नवीन निराला उर्मिला जैन ईशान इंद्र परिवार मनीष आउटलुक सनत इंद्र परिवार, पदमचंद रानू जैन खजरी द्रव्य पुण्यार्जक परिवार ने मंडल पर बारी बारी से श्रीफल समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। आज नसिया जी मंदिर से श्री महेश दिगंबर एवं तरुण सराफ तथा बड़ा मंदिर से मुनि सेवा समिति के श्रेयांश जैन की विशेष उपस्थिति रही। नन्हे मंदिर जी में विधान व्यवस्था प्रभारी अमरदीप जैन लालू एवं मनीष बजाज ने बताया कि विधान के चौथे दिन शनिवार को 7:30 बजे से श्री जी का अभिषेक पूजन प्रारंभ हो जाएगा। तत्पश्चात 8:00 बजे से रिद्धि मन्त्रो के साथ 64 शांति धारा संपन्न होगी। शांति धारा के लिए सभी 64 पत्रों का चयन पूर्व में ही किया जा चुका है। 9 बजे से 64 रिद्धि विधान पूजन प्रारंभ होगा। जिसमें शामिल होने की अपील सकल दिगंबर जैन समाज से की गई है।

## राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कल से, निकली आमंत्रण रैली




**दमोह।** आगामी 2 नवम्बर से 5 नवंबर यह दमोह बड़ी देवी मंदिर परिसर में होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय महायज्ञ का आमंत्रण देने शुक्रवार को गायत्री परिजन व्यसन मुक्ति का संदेश देते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से रैली के माध्यम से निकले। आगे शक्तिकलश से सुसज्जित वाहन में माइक से यज्ञ में भागीदारी हेतु आमंत्रण देते हुए नशा मुक्ति के नारे लगा कर लोगों को जागृत कर रहे थे। दो दो की कतार में पीले वस्त्र धारी महिला पुरुष हाथों में व्यसन मुक्ति का संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे और नारे दोहराते हुए वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। गायत्री गेट से प्रारंभ हुई रैली, बस स्टैंड चौराहा,एवरेस्ट लाज,घंटाघर, आजाद मार्केट, अस्पताल चौराहा, कोआपरेटिव बैंक चौराहा होते हुए गायत्री शक्तिपीठ,टंडन बगीचा में समाप्त हुई। रैली में जिला समन्वयक बी पी गर्ग, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, पुनीत मिश्रा,रज्जू दुबे, सूरत अहिरवार, वासुदेव पटेल, भूपेंद्र तिवारी, सिद्धार्थ पटेल,सुनील सैन्य, एस एल खरे, कुलदीप मिश्रा, हाकम सिंह मासाब, राघवेंद्र नेमा, सुरेश नामदेव,डॉ मनीषा दुबे, विमला नामदेव, सीमा जाट ,शीला मिश्रा, पावनी मिश्रा,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## लक्ष्य टीम ने किया वृक्षारोपण



दमोह। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर लक्ष्य टीम दमोह द्वारा ग्राम सेमरा रामनगर के श्मशान घाट परिसर में वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया, जो अमरपाल सिंह लोधी (आईआरएस), जॉइंट कमिश्नर, भारत सरकार के राष्ट्रीय संरक्षण में शिक्षा, कैरियर गाइडेंस, प्रतिभा सम्मान, पर्यावरण संवर्धन और जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। लक्ष्य प्रांत प्रचारक रूपेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि भारत की दो महान आत्माओं की स्मृति में आज हमारी टीम ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पौधों की सुरक्षा हेतु देसी बाड़ का प्रबंध भी किया गया। हम सभी से अपील करते हैं कि अपने प्रियजनों और महापुरुषों की स्मृति में वृक्षारोपण कर उनकी याद को जीवंत रखें।"उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, फल और छांव प्राप्त हो सके।

## जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 31 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की अध्यक्षता में एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. हरिओम दुबे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 06 महाविद्यालयो, शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह, शासकीय महाविद्यालय जबेरा, शासकीय महाविद्यालय तेन्दूखेड़ा, शासकीय महाविद्यालय पथरिया, डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय दमोह एवं शासकीय पी.जी. कॉलेज दमोह के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिसमें एकल नृत्य में शासकीय महाविद्यालय तेन्दूखेड़ा के महेन्द्र सेन प्रथम स्थान पर रहे, मिमिक्री में शासकीय पी.जी. कॉलेज दमोह के अंकित मुण्डा प्रथम स्थान पर रहे, मूक अभिनय में शासकीय पी.जी.कॉलेज दमोह ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं समूह नृत्य में शासकीय महाविद्यालय जबेरा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में चितर सिंह ठाकुर, राजाराम श्रीवास्तव एवं सिंधु राजपूत रहे। विशिष्टि अतिथि के रूप में डॉ. आलोक सोनवलकर एवं प्रदीप अग्रवाल की उपस्थिति रही। मंच संचालन इरफान खान एवं राहुल कुमार दुबे ने किया एवं आभार डॉ. के.के. कोरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के टीम मैनेजर सहित शासकीय पी.जी. कॉलेज दमोह के समस्त प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की अधिक संख्या में उपस्थिति रही।

## पशु चिकित्सालय में पदस्थ कर्मचारियों की मनमानी से क्षेत्रवासी परेशान

**जबेरा।** जबेरा शान भले ही पशुओं की सेवा के लिए कितनी ही योजनाएं बनाये करोड़ों रुपए कर्मचारियों की वेतन एवं पशुओं की दवा के लिए खर्च करें परंतु पशु चिकित्सालय में पदार्थ कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है इस समय जबेरा में पदस्थ पशु चिकित्सालय का समस्त स्टाफ कभी भी चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं रहता है पूछने पर रहते हैं की मीटिंग में गये है वर्तमान में जबेरा एवं आसपास की कई ग्रामों में गौ माता छोटे-छोटे बछड़े क्षेत्र में लंबी बीमारी से मौत के गाल में समा रहे हैं परंतु चिकित्सालय में पदस्थ कर्मचारियों की कान में जू भी नहीं रेंगती जब भी कोई पशुपालक अपने पशुओं को लेकर के चिकित्सालय जावे या पदस्थ कर्मचारियों को फोन लगा करके पशुओं की बीमारी के संबंध में अवगत कराता है तो किसी भी कर्मचारी के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है और यदि रिसीव कर भी लिया तो पशुपालक से बा कायदा जांच फीस एवं दवाइयां इंजेक्शन का मनमाना शुल्क वसूल किया जाता है साथ ही कहा जाता है कि मुझे मीटिंग में जाना है ज्यादा समय नहीं है एक या दो पशुओं से ज्यादा पशुओं का इलाज हम नहीं कर पाएंगे।

## एकता दौड़ का किया आयोजन, शिवांगी गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद व थाना प्रभारी राम आसरे सोनकर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवेन्द्रनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस थाना देवेंद्रनगर थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम एकता दौड़ का आयोजन बालक हायर सेकेंडरी देवेंद्रनगर से हुआ जहां नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त दौड़ मे धावकों ने उत्साहपूर्व भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता एवं थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## मक्का की फसल आफत की बारिश में बर्बाद

### किसानों ने व्यापारियों पर मनमानी के लगाए आरोप, 15 दिन से मंडी में डटे किसान



तेंदूखेड़ा। लगातार हो रही बारिश और मंडी में अव्यवस्था के कारण किसानों की मक्का फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने व्यापारियों पर मनमानी करने और कम दाम में खरीददारी का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि वे 15 दिनों से मंडी में डटे हुए हैं, लेकिन अब तक न तो उचित दाम मिले हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम उठाया गया है। जिसके कारण गुरुवार को हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तीन-चार दिनों से रिमझिम बारिश हो रही थी वही गुरुवार को हुई लगभग 6 घंटे की तेज बारिश के कारण कृषि उपज मंडी में खुले आसमान के नीचे रखी मक्का की फसल भीगकर, पानी में बहकर खराब हो गई है। शुक्रवार की सुबह कई किसानों की मक्का में अंकुर तक फूट आए हैं, इतना ही नहीं कई मक्का पर फफूँद साफ नजर आ रही थी जिससे फसल पूरी तरह बेकार हो चुकी है। किसानों का कहना है कि व्यापारी मिलकर संगठित तरीके से बोली लगा रहे हैं और कम दाम पर खरीदने का दबाव बना रहे हैं। इसी को लेकर वे अपनी मक्का की फसल मंडी में सुखा रहे थे ताकि उन्हें अच्छे दाम मिल सके किसानों ने प्रशासन के अधिकारियों पर भी आरोप लगाया है उनका कहना है कि यदि प्रशासन के अधिकारी चाहते तो अब तक उनकी मक्का बिक चुकी होती ।

### क्या कहा मंडी पहुंचने पर किसानों ने

किसान प्रमोद पटेल ने बताया कि वह 15 दिनों से मंडी में मक्का लेकर बैठे हैं, लेकिन व्यापारियों द्वारा खरीदी नहीं की जा रही। "व्यापारी संगठित होकर मनमाने रेट दे रहे हैं, 12 से 15 रुपये किलो से अधिक देने को तैयार नहीं हैं। लगातार बारिश से अब मक्का अंकुरित हो रही है और पूरी फसल खराब होने की कगार पर है," उन्होंने कहा। किसान कीरत घोषी ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से मंडी परिसर में ही डेरा डाले हुए हैं। "मक्का में थोड़ी नमी थी, इसलिए व्यापारी लेने को तैयार नहीं हुए। अब बारिश से फसल पूरी तरह भीग गई और फफूंद लगने लगी है। हम किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन कोई अधिकारी देखने तक नहीं आया," उन्होंने कहा। किसानों ने यह भी बताया कि एसडीएम ने एक सप्ताह पहले व्यापारियों और किसानों की संयुक्त बैठक कराने का आश्वासन दिया था, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके, लेकिन अब तक बैठक आयोजित नहीं की गई है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता और व्यापारियों की मिलीभगत के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान राजू दुबे ने कहा कि "मंडी में खुले में रखी मक्का बारिश से खराब हो चुकी है। लागत मूल्य से कम दाम देने की वजह से हम बेच भी नहीं पा रहे हैं। अब पूरी फसल सड़ने की स्थिति में पहुंच गई है। किसान महेश ने बताया कि मंडी अन्य किसानों के साथ मेरी भी खुले में पड़ी मक्का फसल बारिश में खराब हो गई है कुछ किसानों की फसल सड़ने की कगार पर पहुंच गई है। किसान शिवप्रसाद घोसी मेरी मक्का की फसल बिलकुल सुखी हुई मंडी आई थी और व्यापारियों ने खरीद ली थीं लेकिन मुझे कोई भी पर्ची नहीं थी जिसके बाद अब बारिश में पड़ी फसल में नमी आ गई है जिसके कारण व्यापारी अब खरीदने में आनाकानी कर रहे हैं किसानों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मंडी में खराब फसल का सर्वे कराया जाए, नुकसान का मुआवजा दिया जाए और व्यापारियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## गांव की मिट्टी से निकल रहे क्रिकेट के सितारे

### राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट टीम में गांव की चार छात्राओं का हुआ चयन

### बीआरसी कार्यालय में बालिकाओं का स्वागत कर टीम हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मैदान की धूल, नंगे पैर की रफ्तार और गांव की ताजगी लिए अब हटा के गांवों की बेटियां राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के माध्यम से क्रिकेट टीम अंडर 17 में खेलने के लिए निकल रही है। खेल का जुनून अब केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं, बल्कि गांव के खेतों की मेड़ और स्कूल के खुले मैदानों तक फैल चुका है। शहरों की चकाचौंध के बजाय गांवों की सादगी से निकली बालिका क्रिकेट खिलाड़ी ही अब राज्य के लिए उम्मीद की नई किरण बनती जा रही हैं। जो आज 1 नवंबर से सागर में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट टीम अंडर 17 में सागर संभाग की टीम मैं सम्मिलित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में बालिका क्रिकेट टीम अंडर 17 में हटा की चार-चार छात्रों का चयन हुआ है जिन्हें शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय में बीआरसी सहित समस्त स्टाफ द्वारा स्वागत कर शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड हटा के नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया से अंजना कुर्मी कविता पटेल एवं यहां की पूर्व छात्रा रक्षा देवी पटेल जो पीएम श्री एमएलबी विद्यालय में अध्यनरत है वही कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा का चयन राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट टीम अंडर 17 में हुआ है। यह सभी खिलाड़ी 1 नवंबर 2025 से सागर में होने वाली राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में सागर संभाग की टीम की तरफ से खेलते हुए अपना जोहर दिखलाएंगे। शुक्रवार को हटा कार्यालय में बीआरसी एम एल अहिरवार बीएससी सुनील पाठक योगेश सोनी आनंद पटेल जन शिक्षक हारुन खान हेमंत अग्रवाल द्वारा टीम के साथ उनके कोच पराग नामदेव अनिकेत राय एवं टीम के मार्गदर्शक शिक्षक श्री मनोज नामदेव को पुष्प माला पहनकर एवं मुंह मीठा कराकर आगे के चयन होने की शुभकामनाओं के साथ सागर के लिए बिदा किया। इसके पश्चात रास्ते में ही शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक अग्रवाल सत्येंद्र सिंह राजपूत एनसीसी अधिकारी शिक्षक मनीष चौरसिया अंबानाथ स्वर्णकार निकिता ठाकुर राशि गोस्वामी सरस्वती पटेल एवं गोपाल ठाकुर के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए टीम को शुभकामनाओं के साथ सागर रवाना किया। गौर करने वाली बात है कि शहर की तुलना में अब ग्रामीण अंचलों से अधिक संख्या में भावी बालिका सितारे उभर रहे हैं। सालभर चले ट्रायल और चयन प्रक्रियाओं में सामने आया कि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने ज्यादा प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। यह ट्रेंड खेल विभाग के लिए भी एक नई दिशा है, जिससे राज्य की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता नीति और प्रशिक्षण का फोकस अब गांवों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन खिलाड़ियों को यदि समय पर बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें तो वे राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज होगा घटना स्थल का निरीक्षण

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विगत दिनों दमोह-कटनी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त ऑटो का मौका स्थल निरीक्षण जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की उप समिति द्वारा आज 01 नवंबर 2025 को दोपहर 02 बजे उप समिति के सदस्यों की मौजूदगी में किया जाएगा। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया इस सबंध में विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन शासन को प्रेषित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सबंधित विभागों से आवश्यक रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया।

### 10 बच्चों को किया गया टीकाकृत

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे इसके लिए विशेष टीकाकरण सत्र में स्वास्थ्य अमला द्वारा समर्पित सेवा भाव से बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। विकासखंड हटा के एएनएम विहीन रजपुरा उपस्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत मुख्य मार्ग से लगभग 4 कि.मी. अंदर स्थित कच्चे मार्ग वाले सूरजपुरा ग्राम में विशेष टीकाकरण दल बनाकर बीसीएम देवेन्द्र की निगरानी में टीकाकरण से छुटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराया गया।

### तेजगढ़ ग्राम में हुआ भीषण सड़क हादसा,

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, एक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं आए दिन हादसे घटित हो रहे जिसमें लोगों की जान जा रही है और गंभीर रूप से घायल हो रहे व अपंग हो रहे है। फिर भी लोग वाहनों को तेज रफ्तार और अनदेखी से चला रहे हैं जहां एक पुलिस प्रशासन लोगों को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट सहित सीटबेल्ट आदि लगाने के जागरूक कर रही है फिर भी लोग नहीं मान रहे हैं। एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां पर बाइक सवार एक युवक की मौत हो जाने सहित एक गंभीर रूप से घायल हैं जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी शुक्रवार की शाम 6 बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र के तेंदूखेड़ा दमोह मार्ग पर स्थित तेजगढ़ ग्राम में एसबीआई बैंक के सामने बाइक सवार दो युवक ट्रक की चपेट में आ गए जिसमें एक युवक की मौत हो गई व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। घटना के संबंध मिली जानकारी अनुसार पवन पिता जीवन सिंह लोधी लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी करौंदी पंडरिया थाना तेजगढ़ जितेन्द्र पिता हीरा सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी करौंदी पंडरिया थाना तेजगढ़ है जिसमें पवन पिता जीवन सिंह लोधी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है और जितेन्द्र सिंह लोधी को गंभीर हालत में डायल 112 की मदद से तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। घायल जितेन्द्र ने बताया वह पाटन से तेंदूखेड़ा होते हुए अपने घर करौंदी पंडरिया जा रहा था। लेकिन तेजगढ़ पहुंचते ही ट्रक क्रमांक MP 20 ZC 7211 से क्रासिंग के दौरान चपेट में आ गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक तेंदूखेड़ा की और से दमोह तरफ जा रहा था। हादसे में जितेन्द्र सिंह के दाहिने पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ने से पैर क्षतिग्रस्त हो गया है। वह मृतक युवक पवन सिंह का शव आधा घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा जहां परिजनों के पहुंचने के बाद शव को उठाकर तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से शनिवार की सुबह शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम होगा। शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा बताया गया है। घटना की सूचना मृतक और घायल युवक के परिजनों को दे दी गई थी जो मौके पर पहुंच गए हैं और ट्रक को जब्त करते हुए आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ग्रामीणों ने प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप

वही घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा है। दमोह तेंदूखेड़ा मार्ग बनते समय से ही स्पीड ब्रेकर बनाने की लगाते मांग की जा रही है। लेकिन आज तक स्पीड ब्रेकर नही बनाए जा रहे हैं। रेस्ट हाउस से लेकर तेजगढ़ बस स्टैंड तक सड़क पर कहीं भी गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) नहीं हैं। भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन मौन है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र स्पीड ब्रेकर बनाने और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके क्योंकि घटनास्थल पर पहले भी दर्जनों हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की मौत सहित घायल हुए हैं।

# एक वर्ष से अधिक समय से लापता शिक्षक का निकाला जा रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा





जबेरा जबेरा का शिक्षा विभाग अपने अजब गजब कारनामों के लिए पहले से ही चर्चा में है। ऐसा ही एक मामला तहसील जबेरा के प्राथमिक स्कूल देवरी सड़क का निरीक्षण करने जब जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह पहुंचे उन्होंने पाया कि विद्यालय के शिक्षक द्वारका चक्रवर्ती लगभग 1 वर्ष से स्कूल नहीं आ रहे है फिर भी उनको हर माह वेतन प्राप्त हो रहा है। जब इस बारी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद वाजपेई से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि संकुल प्राचार्य मोहन सेन से पूछिए मोहन सेन ने बताया कि हां वेतन तो निकल रहा है। जब उनसे पूछा गया की वेतन कौन निकल रहा है तो उन्होंने बताया कि वेतन पत्र के आधार पर वेतन निकाला जाता है। वेतन पत्रक प्रतिमाह प्रधानाचार्य भोला प्रजापति के द्वारा भेजा जाता है जब भोला प्रजापति से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं वेतन पत्रक नहीं भेजता हूं। संकुल केंद्र नोहटा से भी वेतन पत्रक नहीं भेजा जाता है। फिर उसका वेतन कैसे निकल रहा है। इस बात की जांच होनी चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसी प्रकार एक शिक्षक राजेश लडिया 6 साल तक स्कूल नहीं आया था जब मेरे द्वारा मामले को उठाया गया तो आनंद-फानन में उसे निलंबित कर दिया गया तथा उसे बहाल भी कर दिया गया है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया की पता नहीं शिक्षक कहां पर है वह इस विद्यालय में नहीं आ रहे हैं। देखना होगा की शिक्षा विभाग इस पर क्या कार्यवाही करता है।

### 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि सागर नाका तहसील परिसर दमयंती नगर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर वृहद् रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में म.प्र. कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई दमोह की विशेष सहभागिता रही। शिविर में 3 महिलाओं सहित पुरूषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। शिविर दौरान 125 यूनिट रक्त का एकत्रण किया गया। शिविर का शुभारंभ समाज के संयोजक श्री महेन्द्र चौधरी द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने शिविर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं इस कार्य में तैनात स्वास्थ्य दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी एवं सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहे। पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी की देखरेख में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। डॉ सोनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में 125 यूनिट रक्त का एकत्रण किया गया।

### प्रभु कृपा यज्ञ जप-तप-व्रत साधनों से न होकर सत्संग से शीघ्र मिल जाती है: पं. विनय शुक्ला



**रनेह।** श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार दरबार में चल रही संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास पंडित महंत विनय शुक्ला ने श्रद्धालु श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का अपनी समधुर वाणी से रसपान कराते हुए कहा कि श्री कृष्ण तत्व सर्वोपरि है प्रेम का प्रदाता है। ब्रह्मा विवर्त पुराण एवं बृहद पावन पुराण के आधार से प्रभु के समस्त अवतारों के आराध्य श्री कृष्ण है श्री कृष्ण की आराधना सभी अवतार करते हैं और कृष्ण श्री राधा की आराधना करते हैं। कथा व्यास महंत जी ने पूतना उद्धार, सकटासुर उद्धार, प्रनातीत उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्री गर्गाचार्य जी ने कृष्ण बलराम का नाम करण संस्कार गोकुल गौशाला में कराया। कृष्ण की दामोदर लीला का वर्णन करते हुए माखन चोरी लीला के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। श्री व्यास ने कहा कि श्री कृष्ण जन्म के समय समस्त देवताओं के साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी बालकृष्ण के दर्शन करने गोकुल आए थे। वृंदावन प्रवेश लीला पर कहा कि कृष्ण वृंदावन में जमुना जी में गोता लगाते, बछड़ों के साथ कूदते हैं, हंसो के साथ बैठते हैं और मयूर कोयल के साथ बोलते हैं अतः कृष्ण भाषा वर्णन जाति से परे हैं। गौ चरण लीला का वर्णन करते हुए कालिया नाग मर्दन करके जनमानस को संदेश दिया। नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखो नदी सरोवर राष्ट्र की धरोहर है। यज्ञ पत्नियों पर कृपा कर संदेश दिया की प्रभु कृपा यज्ञ, जप, तप, व्रत साधनों से न होकर सत्संग से शीघ्र होती है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ लेने कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। आज महाराश लीला कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग को सुनने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ की अपील की है।



# पशु वध को लेकर गोसेवक हुए उग्र चक्काजाम कर जताया तीव्र विरोध

**दमोह।** शहर के कसाई मंडी क्षेत्र में शुक्रवार शाम पशु वध की घटना के बाद गुस्साए गोसेवकों ने शहर के प्रमुख स्थानों पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यह वध बिना कानूनी प्रक्रिया के हुआ था, जिससे उनके धार्मिक विश्वासों का उल्लंघन हुआ है। पुराना थाना, घंटाघर और अंबेडकर चौक पर जाम से यातायात ठप हो गया और नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही, हिन्दू संगठन के सदस्य भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों, सीएसपी एच आर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार और थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की और जाम हटवाने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गोसेवकों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। हालांकि, पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक विरोध जताएं और कानून व्यवस्था बनाए रखें।

### प्राथमिक शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2025 में पदवृद्धि को लेकर लगातार मांग की जा रही है। इसी मांग को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से एक ज्ञापन सोपा गया। दमोह जिले के समस्त प्राथमिक चयन अभ्यर्थी द्वारा दमोह में अपर कलेक्टर एवं हटा में एसडीएम महोदय को ज्ञापन सौपे गए।जिसमे पात्र अभ्यर्थीयों ने 25000 पदों पर पदवृद्धि की मांग मुख्यमंत्री जी से की हैं। क्योंकि प्राथमिक शिक्षक के वर्तमान में 131000 से अधिक पद खाली पड़े हैं। ज्ञापन देने वालो में नितिन शर्मा मुवीन खान राहुल पांडे कर्मवीर राजपूत दुर्गेश अमित पटेल सोनू खान शाहिद अनेक पात्र अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही।

## गोली मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**दमोह।** मामूली बात पर बंदूक से गोली चला कर हत्या करने वाले आरोपी को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय श्रीमान सुभाष सोलंकी जिला सत्र न्यायाधीश जिला-दमोह ने आरोपी राजकुमार पिता झल्लू उर्फ उजयार सिंह लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सागौनी खुर्द, थाना पथरिया, जिला दमोह धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 307 में 05 वर्ष का कारावास एवं कुल 7000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के संदर्भ में श्री सतीश कपस्या सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी 2024 को फरियादी राहुल लोधी ने थाना पथरिया में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि वह ग्राम सगौनी खुर्द में रहता है। खेती-किसानी करता है। गांव का राजकुमार लोधी उसकी भाभी सविता लोधी से फोन पर बातचीत करता था, जिसे उसने बातचीत करने से रोका था, किन्तु वह नहीं माना। आज दिन के लगभग 12:30 बजे फरियादी अपने चाचा राघवेन्द्र लोधी के साथ गांव के खिलान सिंह लोधी के घर के दरवाजे के सामने बैठकर खेती-किसानी की बात कर रहा था, तभी गांव का राजकुमार लोधी 12 बोर की बंदूक लेकर आया और पुरानी बुराई पर से मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा। फरियादी ने गाली देने से मना किया तो राजकुमार लोधी ने जान से मारने की नियत से 12 बोर की बंदूक से फायर किया, जो राघवेन्द्र सिंह लोधी के पेट में नाभी के पास, बांयी तरफ लगी और आर-पार हो गई, जिससे राघवेन्द्र के पेट से खून निकलने लगा और वह जमीन पर गिर गया, फिर राजकुमार ने फरियादी राहुल पर फायर किया, जो कान के पास से निकल गया। राजकुमार वहां से भाग गया। फूल सिंह लोधी एवं गोविन्द सिंह लोधी ने घटना देखी। फरियादी राहुल और राघवेन्द्र के पिता देवी सिंह आहत राघवेन्द्र को इलाज हेतु पथरिया लेकर गये, जहां से उसे शासकीय अस्पताल, दमोह रैफर कर दिया। दमोह चिकित्सालय में राघवेन्द्र की मृत्यु हो गई फरियादी राहुल द्वारा की गई उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना पथरिया में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी राजकुमार सिंह लोधी को *धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं धारा 307 में 05 वर्ष का कारावास से एवं कुल 7000रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।* अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक श्री मुकेश जैन द्वारा की गई।

### तहसीलदार की मनमानी के खिलाफ किसानों का ज्ञापन





**दमोह।** पटेरा तहसीलदार की मनमानी कार्य प्रणाली के खिलाफ जिला मुख्यालय पहुचे किसानों ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा साथ ही तहसीलदार द्वारा निरस्त कर दिए गए उनके धान पंजीयन को सत्यापित कराए जाने की प्रक्रिया पुन कराने की मांग की गई है। जहां एक और मध्य प्रदेश सरकार किसानों हित में कार्य कर रही है किंतु उनके अधिकारी उनकी योजनाओं पर पलीता लगाने लगे हुए हैं इतनी अधिक संख्या में किसानों के धान के पंजीयन निरस्त करना उक्त कृत मान्य तहसीलदार उमेश तिवारी के द्वारा किया गया। इससे शासन प्रशासन और माननीय मोहन यादव की जो किसान हितेषी सरकार उनकी छवि खराब हो रही है। अतः सभी किसानों के सत्यापन पुनः किए जाएं। माननीय विधायक का महोदय हटा एवं कलेक्टर से मांग की गई कि तहसीलदार पटेरा के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जावे जिससे किसानों के विरुद्ध उक्त कार्य भविष्य में कोई ना करें।

## प्रेरणा उत्सव के साथ शुरू होगा निसई सूखा में त्रिदिवसीय रत्नात्रय मेला



**दमोह।** श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ निसई जी सूखा में त्रिदिवसीय रत्नात्रय मेला का आयोजन प्रेरणा उत्सव के साथ शुरू होगा। प्रचार मंत्री भूपेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन जिनवाणी जी अस्थाप के साथ मंदिरविधि की जायेगी। इसी दिन तारण तरण जैन समाज में पहली बार 60 दिन तक हर घर में चलने वाले तारण त्रिवेणी पाठ के रूप में प्रेरणा उत्सव का आगाज किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पत्रिका का भव्य विमोचन तीन बत्तीसी जी का पाठ रात्रि कालीन किया जा रहा है। कार्यक्रम के द्वितीय दिन जिनवाणी जी पालकी चल समारोह होगा जिसमें देश भर से आए भजन मंडल अपनी भक्ति मय गीतों से प्रस्तुति देंगे। रमेश जैन शरद जैन ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भूपेंद्र जैन के संचालन में कवि गणेश राय, बी एम दुबे, संगीत तारण सहित अन्य कवियों की उपस्थिति में होगा। साथ ही प्रतिभा सम्मान और पथरिया नाट्य मंडल के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। मंत्री कोमल चन्द जैन द्वारा बताया गया कि अंतिम दिन तिलक महोत्सव के साथ आरतियां सम्पन्न होगी। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थिति की भावना व्यक्त की।

## आक्रोशित किसानों के प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने मांगे मानी, हुआ खाद वितरण





**जबेरा।** इस समय रवि की बोनी का समय चल रहा है। एक तरफ मौसम की मार से किसान परेशान है। दूसरी ओर बोनी के लिए डीएपी खाद न मिलने से क्षेत्र के किसानों में काफी आक्रोश है। गुरुवार की रात में डीएपी की हाफ रैक उतरते ही शुक्रवार की सुबह 4:00 से ही खाद के लिए किसानों की लंबी-लंबी लाइन लग गई थी। परंतु गोदाम प्रबंधन ने बताया कि पीओ एस मशीन में डाटा अपलोड ना होने के कारण शुक्रवार को खाद वितरित नहीं किया जावेगा। इसके कारण किसान भड़क गए कथा हंगामा करने लगे स्थिति बिगड़ते हुए देखकर के राजेश साहू नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे जिन्होंने स्थिति को संभालने का प्रयास किया तथा किसानों को बताया कि पी ओ एस मशीन के जरिए किसानों के फिंगर वेरीफिकेशन होने के उपरांत ही खाद का वितरण शुरू होगा। परंतु किसान हंगामा करते रहे मौके पर सुश्री सोनम पांडे तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने किसानों से बात की, किसानों ने बताया कि वह सुबह 4 बजे से ही लाइन में लगे है, अतः उन्हें आज ही खाद का वितरण किया जावे। किसानों के आक्रोश को देखते हुए पहले चरण में शुक्रवार को ही 600 किसानों को टोकन वितरित किए गए शेष किसानों के लिए शनिवार एवं सोमवार को पुनः टोकन वितरित किए जाएंगे।

## अतुल खत्री बने नगर का गौरव, 'कौन बनेगा करोड़पति' में जीते 12 लाख 50 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



28 अक्टूबर को नगर के होनहार युवा अतुल खत्री ने लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 लाख 50 हजार रुपये, दो सोने के सिक्के और एक मोटरसाइकिल जीतकर पूरे नगर का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे तेंदूखेड़ा नगर के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। विशेष बातचीत में अतुल खत्री ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाइयों, बहन, गुरुजनों एवं नगरवासियों को देते हुए कहा कि सभी के प्यार, आशीर्वाद और स्नेह ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने की प्रेरणा दी। ज्ञात हो कि अतुल के पिता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती सरोज खत्री गृहिणी हैं। अतुल के दो बड़े भाई और एक बहन वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बल में सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अतुल को महानायक अमिताभ बच्चन से मिलने का अवसर मिला। इस अनुभव के बारे में अतुल ने बताया कि —"अमिताभ सर से मिलना जीवन का अविस्मरणीय क्षण था। उनकी सरलता और प्रोत्साहन भरे शब्दों ने मुझे और भी प्रेरित किया। मुझे हमेशा अपने नगरवासियों से ऐसा ही प्यार और आशीर्वाद मिलता रहे — यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।" नगरवासी, परिजन और मित्रजन उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं। पूरे तेंदूखेड़ा में अतुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष और गौरव का माहौल है।